मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 254
गुरुवार, 02 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## केरल में एलडीएफ और यूडीएफ दशकों से जनता को धोखा दे रहे हैं: राजनाथ सिंह

**केरल, 01 अप्रैल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को परवूर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर केरल के मेहनती और ईमानदार लोगों को दशकों से धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोग दो गठबंधनों में से किसी एक को चुनने के लिए वोट नहीं देते, बल्कि उनमें से एक को सत्ता से हटाने के लिए वोट देते हैं। सिंह ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों दशकों से केरल के मेहनती और ईमानदार लोगों को धोखा देते आ रहे हैं। उनके झंडे और चुनाव चिन्ह भले ही अलग हों, लेकिन उनका आचरण और चरित्र एक जैसा है। उनकी सोच भी एक जैसी है। दोनों ने समाज को बांटने और केरल की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का काम किया है।



राज्य के राजनीतिक चक्र पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने आगे कहा कि केरल के लोग एलडीएफ या यूडीएफ को चुनने के लिए वोट नहीं देते; बल्कि वे इन दोनों में से किसी एक को सत्ता से हटाने के लिए वोट देते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से, दूसरा अपने आप सत्ता में आ जाता है। अपनी आलोचना को और तेज करते हुए सिंह ने कहा कि एलडीएफ का मतलब लूट, विभाजन और विफलता है, जबकि यूडीएफ अविश्वास, बेईमानी और धोखाधड़ी का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने आगे कहा कि केरल की जनता जानती है कि एलडीएफ का मतलब लूट, विभाजन और विफलता है। और यूडीएफ का मतलब अविश्वास, बेईमानी और धोखाधड़ी है। दोनों में 'एफ' का मतलब 'भ्रष्टाचार का मोर्चा' है।

ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले केरल में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभियान तेज कर दिया है।

गठबंधन का लक्ष्य मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन के नेतृत्व वाले सीपीआई (एम) के एलडीएफ के वर्चस्व को चुनौती देना है, जो लगभग एक दशक से सत्ता में है।

इस बीच, थिरुवल्ला से एनडीए उम्मीदवार अनूप एंटनी ने पार्टी की प्रगति पर भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा के वोट शेयर में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है और मतदाता अब एक विश्वसनीय विकल्प की तलाश में हैं।

## ममता बनर्जी ने बीजेपी के खिलाफ खोला मोर्चा

**कोलकता, 01 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी पर भूमि हड़पने, मतदाता नामों को हटाने और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया और राज्य में भाजपा को फिर से सत्ता में आने से रोकने का संकल्प लिया। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि अमर्त्य सेन की जमीन हड़पने की कोशिश की गई। उन्हें बेदखल करने की कोशिश की गई। उन्हें शर्म आनी चाहिए।

पश्चिम बंगाल के इतिहास में पार्टी की भूमिका का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा कि जब बंगाल स्वतंत्रता संग्राम में भाग ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी पर हथियार लेकर निकलते हैं। आगामी चुनावों पर उन्होंने जोर देते हुए कहा, भाजपा को हराना जरूरी है ताकि वह फिर कभी सत्ता में न आ सके...



इस बार बड़ा 'खेला' होगा। ममता का भाजपा पर जमीन हड़पने और मतदाता हेरफेर के आरोपों को लेकर हमला कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहां फॉर्म 6 आवेदनों की भारी संख्या में जमा करने को लेकर झड़पें हुईं।

इससे पहले, मंगलवार को कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर हिंसा भड़क उठी थी, जब टीएमसी और भाजपा कार्यकताओं के बीच इस आरोप को लेकर झड़पें हुईं कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्म 6 को बड़ी संख्या में जमा किया जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि ₹भाजपा के एजेंट पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय में हजारों फर्जी फॉर्म 6 आवेदन भेजकर गैर-निवासियों और बाहरी लोगों को बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने का प्रयास करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। यह मतदाता हेरफेर का प्रयास है।

## डिफेंस डील: इजराइल से भारत को मिला जबरदस्त तोहफा, घातक एलएमजी की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल।** इजराइल की प्रमुख रक्षा कंपनी Israel Weapon Industries (IWI) ने India को हल्के मशीनगनों की पहली खेप की आपूर्ति कर दी है। यह आपूर्ति मेक इन इंडिया पहल के तहत की गई है, जिसमें तकनीक का हस्तांतरण भी शामिल है। कंपनी के अनुसार, कुल 41,000 नेगेव (7.62x51) LMG के बड़े अनुबंध के तहत 2,000 हथियारों की पहली खेप पिछले सप्ताह भारत पहुंचाई गई है। इसके अलावा इस साल के अंत तक 4,000 और मशीनगनों की आपूर्ति की जाएगी। यह परियोजना PLR Systems के जरिए पूरी की जा रही है, जो IWI और Adani Group का संयुक्त उद्यम है। यह भारत की पहली निजी कंपनी है जो छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करती है।



नेगेव 7.62x51 LMG अपनी श्रेणी की सबसे हल्की मशीनगनों में से एक मानी जाती है। इसमें सेमी-ऑटोमैटिक और फुल-ऑटोमैटिक दोनों मोड उपलब्ध हैं, जिससे यह अलग-अलग परिस्थितियों में उपयोगी बनती है। इसका डिजाइन कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए किया गया है। 7.62 मिमी गोला-बारूद के कारण यह मजबूत सुरक्षा घेरे को भी भेद सकती है, जिससे यह शहरी युद्ध और विशेष सैन्य अभियानों के लिए बेहद कारगर मानी जाती है। इस हथियार को हेलीकॉप्टर, सैन्य वाहनों और नौसेना प्लेटफॉर्म पर भी लगाया जा सकता है, जिससे इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है।

भारत और इजराइल के बीच पिछले साल रक्षा और तकनीकी सहयोग को बढ़ाने के लिए समझौता हुआ था। इस समझौते का मकसद सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देना है, जिससे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता मजबूत हो सके। नेगेव LMG की यह पहली खेप भारत की सैन्य ताकत को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मेक इन इंडिया के तहत तकनीक हस्तांतरण से देश को आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन में भी मदद मिलेगी।

## नेतन्याहू की चेतावनी: जंग अभी खत्म नहीं हुई, धीरे-धीरे तरीके से मिटाया जा रहा ईरान

**इजराइल, 01 अप्रैल।** ईरान के खिलाफ युद्ध में "बड़ी उपलब्धियों" की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार शाम कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को "व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है" और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि "देर-सवेर" ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ "क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन" बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि "जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा। नेतन्याहू ने कहा,



"स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।" यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है। उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ये उपलब्धियां "कष्टदायक कीमत" चुकाकर हासिल हुई हैं। उन्होंने कहा, "अमेरिका के साथ हमारे संयुक्त अभियान का एक महीना पूरा होने पर हम उस आतंकवादी शासन को व्यवस्थित रूप से कुचल रहे हैं, जिसने दशकों तक 'अमेरिका की मौत, इजराइल की मौत' के नारे लगाए...अयातुल्लाओं के शासन ने हमें नष्ट करने, पूरे पश्चिम एशिया पर कब्जा करने और पूरी दुनिया को खतरे में डालने की बड़ी कोशिश की।

नेतन्याहू ने कहा, "इसने इन घातक महत्वाकांक्षाओं को परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास, हमारे चारों ओर आतंकी संगठनों को वित्त और हथियार देने तथा उस पर लगे कड़े प्रतिबंधों को झेलकर आगे बढ़ाने की कोशिश की।" उन्होंने कहा, "अब मैं आपको बताना चाहता हूं: इतने वर्षों में इस सब पर ईरान ने लगभग एक हजार अरब डॉलर खर्च किए। और अब कहा जा सकता है कि यह पूरी राशि व्यर्थ चली गई।" ईरान पर किए गए प्रहारों में नेतन्याहू ने "उनके परमाणु कार्यक्रम, उनकी मिसाइलों, शासन के ढांचे, उसकी दमनकारी ताकतों और शीर्ष नेतृत्व पर प्रहार" को गिनाया। उन्होंने सात अक्टूबर 2023 के बाद से इजराइल द्वारा मारे गए ईरान, हिजबुल्ला और हमास के नेताओं के नाम गिनाते हुए कहा, "तानाशाह खामेनेई से लेकर परमाणु वैज्ञानिकों तक और रिवोल्यूशनरी गार्ड व बासिज के हत्यारे नेताओं तक, इसके अलावा नसरल्लाह, हनियेह, डेइफ, सिनवार और भी कई अन्य।'

' नेतन्याहू ने दावा किया कि ईरान "पहले से कहीं कमजोर" और इजराइल "पहले से कहीं मजबूत" है और इस्लामी गणराज्य के खिलाफ अभियान "अभी समाप्त नहीं हुआ है।" उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल ने दुनिया को ईरान से उत्पन्न खतरे के प्रति जागरूक किया है, जहां अधिकांश नेता इसे चुपचाप स्वीकार कर रहे हैं और कुछ इसके खिलाफ कदम भी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, "मैंने पश्चिम एशिया के नेताओं से गुप्त और सार्वजनिक बैठकों में बात की। मैंने यूरोप के नेताओं से बात की। मैंने अमेरिका के नेताओं और राष्ट्रपति से भी बात की। उन्होंने खतरे को पूरी तरह नहीं समझा था।

## बीजेपी दफ्तर के बाहर धमाके से सनसनी

**चंडीगढ।** चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर कम तीव्रता का एक संदिग्ध विस्फोट हुआ। यह घटना सेक्टर 37 स्थित कार्यालय के पास पार्किंग क्षेत्र में घटी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट मामूली था। चंडीगढ़ पुलिस घटना की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, बैटरी विस्फोट विस्फोट का कारण बताया जा रहा है, हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

चंडीगढ़ के सेक्टर 37 में पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर एक संदिग्ध विस्फोट की आवाज सुनने के बाद सीएफएसएल और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की टीमें जांच कर रही हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी विनीत जोशी ने बताया कि शाम करीब 5 बजे यहां धमाका हुआ और काफी धुआं दिखाई दिया। धमाके के बाद अफरा-तफरी का माहौल छा गया। एक स्कूटी और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। यह चिंता का विषय है। पार्टी कार्यालय के पास धमाका होना चिंताजनक है। पिछले चार दिनों से भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष यहां ठहरे हुए थे और ऐसे समय में धमाका होना गंभीर चिंता का विषय है। केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की एक टीम साक्ष्य जुटाने और स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई है।

## चीन की टेबल पर दुश्मन आमने-सामने, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता शुरू

**चीन।** चीन के शहर उरुमकी में आज पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के अधिकारियों की एक अहम बैठक हो रही है। यह बैठक तीनों देशों के बीच चल रहे त्रिपक्षीय तंत्र के तहत आयोजित की गई है। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। पाकिस्तान ने 26 फरवरी को ऑपरेशन गजब-उल-हक चलाया था, जिसमें उसने अफगानिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। रिपोर्ट के अनुसार, यह बैठक किसी औपचारिक मध्यस्थता के लिए नहीं है, बल्कि हालात को समझने और अपने-अपने पक्ष रखने के लिए की जा रही है।


आर के मीडिया

हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए

सम्पर्क करे: 9199355950

DAKS REHAB CENTRE

(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)

Contact us: 9820519851

विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37

* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकित्सा उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध







NEW LIGHT CLASSES

TRADITION OF EXCELLENCE

2nd Floor, Sheetal Bldg.
Near Diamond Talkies,
L. T. Road, Borivali (West)
Mumbai - 400 092
Maharashtra

ADMISSIONS OPEN

ALL OVER INDIA

ENROLL NOW



SMART CLASSROOM

(ONLINE/OFFLINE)

Courses Offered

- Std. XI & XII (Sci.)
- NEET
- JEE (Main & Advance)
- MHT-CET
- Polytechnic & Engg
- Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)

M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

## 'राष्ट्रवादी' में बड़ी हलचल, सुनेत्रा पवार संभालेंगी कंट्रोल, एनसीपी का नरेश अरोरा की कंपनी से कॉन्ट्रैक्ट रद्द



**मुंबई।** बारामती प्लेन क्रैश में अजित पवार को खोने के बाद कठिन दौर से गुजर रही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में जल्द ही बड़े बदलाव हो सकते हैं क्यों पार्टी अजित पवार की असमय मौत के बाद रूपाली चाकणकर के अशोक खरात केस में फंसने और फिर मंत्री नरहरि जिरवाल का किन्नर के साथ वीडियो वायरल होने के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष बनी सुनेत्रा पवार को बारामती से उपचुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचना है। इस सब के बीच दो बड़े अपडेट सामने आए हैं। इसमें पार्थ पवार के पार्टी में सक्रिय होने की बात शामिल है। दूसरा अपडेट यह है कि एनसीपी ने पार्टी के लिए रणनीति बना रहे डिजाइन बॉक्स का काम रोक दिया है, यानी नरेश अरोरा को एनसीपी से उनका रिश्ता टूट गया है, हालांकि इस संबंध में अभी आधिकारिक ऐलान बाकी है।

सूत्रों के हवाले से मीडिया में जो जानकारी सामने आई है। उसके अनुसार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को कंट्रोल करने को लेकर पूर्व डीसीएम अजीत पवार का परिवार पूरी तरह एक्टिव हो गया है। मंगलवार को अजीत पवार के बड़े बेटे पार्थ ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के साथ बंद दरवाजे के पीछे करीब 45 मिनट तक मंथन किया। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट है कि पार्थ ने। तटकरे समेत अन्य सीनियर नेताओं से साफ तौर से कहा है कि पार्टी के सारे फैसले डीसीएम सुनेत्रा पवार से सलाह किए बिना नहीं लिए जाने चाहिए। गौरतलब हो कि हाल ही में सुनेत्रा पवार ने केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजे पत्र में कहा था कि अजित पवार की मौत के बाद हुए किसी भी पत्राचार को नहीं माना जाए। यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले दिनों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में कई बदलाव भी हो सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार नासिक सेक्स स्कैंडल कांड में रुपाली चाकणकर के खिलाफ भी फैसले लेने में हुई देरी हुई। इस पर राज्यसभा के लिए हाल ही में चुने गए पार्थ पवार ने नाराजगी जताई है। ऐसी चर्चा है कि उन्होंने साफ कह दिया है कि कोई भी नेता पार्टी हित से ऊपर नहीं है। पार्टी के अहम फैसलों से पवार परिवार को दरकिनार किए जाने से भी पार्थ नाराज है। यही वजह है कि उन्होंने पार्टी को कंट्रोल में लेने का फैसला किया है। पार्थ ने मीडिया से कोई बात नहीं की, हालांकि पार्टी के लोकसभा में इकलौते सांसद सुनील तटकरे ने पार्थ से मीटिंग के बाद कहा कि हम सबकी इच्छा है कि दादा जिस तरह से पार्टी को आगे ले जाना चाहते थे, उनके सपनों को पूरा किया जाए। उसी को ध्यान में रखते हुए हम सभी ने सुनेत्रा पवार के मार्गदर्शन में आगे भी काम करने का फैसला किया है। यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर प्रफुल्ल पटेल की जगह किसी और की नियुक्ति करे।

## मुंबई में 12 साल की बच्ची के पेट से निकला एक किलो बालों का गुच्छा, चार साल से बाल खाने की थी आदत

**मुंबई।** मुंबई के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ और जटिल मामले में 12 वर्षीय बच्ची के पेट से 16714 सेंटीमीटर का बालों का बड़ा गुच्छा (ट्राइकोबेजोआर) निकालकर उसकी जान बचाई। यह गुच्छा पेट के करीब 90% हिस्से में फैला हुआ था और छोटी आंत तक पहुंच गया था। नारायणा हेल्थ चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल से मिली जानकारी के अनुसार, 12 वर्षीय ऋतुजा (परिवर्तित नाम)पिछले डेढ़ महीने से लगातार उल्टी, पेट भरा-भरा लगना और भूख कम लगने की समस्या झेल रही थी। अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों को पेट के ऊपरी हिस्से में गांठ महसूस हुई। इसके बाद किए गए सीटी स्कैन और अपर गैस्ट्रोइंटेस्टिनल एंडोस्कोपी में पेट के भीतर बालों का बड़ा गुच्छा होने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने पहले एंडोस्कोपी के जरिए इसे निकालने की कोशिश की, लेकिन आकार बड़ा और सख्त होने के कारण यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद डॉक्टर ने ओपन सर्जरी का निर्णय लिया। तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद बच्ची के पेट से बालों का गुच्छा निकाला गया। बच्ची की हालत तेजी से सुधरी है।

अस्पताल के कंसल्टेंट गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी और हेपेटोलॉजी आदित्य कुलकर्णी ने बताया कि बाल पचता नहीं है। लबे समय तक निगलने पर ये पेट में जमा होकर ठोस गुच्छा बना लेते है। इस मामले में यह समस्या 3 से 4 साल से धीरे-धीरे विकसित हो रही थी। अस्पताल के वरिष्ठ पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. रसिकलाल शाह ने बताया कि इतने बड़े ट्राइकोबेजोआर को एंडोस्कोपी से पूरी तरह निकालना मुश्किल है। ओपन सर्जरी के जरिए ही इसे सुरक्षित तरीके से हटाया जा सकता है। हमारी टीम ने एक ही सत्र में यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। यदि कोई व्यक्ति लंबे समय तक बाल निगलता है, तो वे पेट में जमा होकर एक ठोस गुच्छा बना लेते है, जिसे ट्राइकोबेजोआर कहा जाता है। यह समस्या अक्सर ट्राइकोटिलोमेनिया (बाल तोड़ने की आदत) और ट्राइकोफेजिया (बाल खाने की आदत) से जुड़ी होती है, जो मानसिक तनाव या चिंता के कारण विकसित हो सकती है।

## सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया 05 अप्रैल को स्टार-स्टडेड चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स 2026 का सीधा प्रसारण करेगा

**मुंबई/पटना।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया एक बार फिर लाइव अवॉर्ड्स की कल्चर को स्क्रीन पर वापस ला रहा है, जब चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स 2026 का लाइव टेलीकास्ट 05 अप्रैल 2026 को रात 8:00 बजे (भारतीय मानक समय) सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा। भारतीय सिनेमा और स्टोरीटेलिंग के सबसे भरोसेमंद सम्मान के तौर पर पहचाने जाने वाले स्क्रीन अवॉर्ड्स, फिल्ममेकिंग में उत्कृष्टता का जश्न मनाते हैं और उन क्रिएटिव टैलेंट्स को स्पॉटलाइट में लाते हैं जो इंडस्ट्री को आगे बढ़ा रहे हैं। इस साल का एडिशन बेहद स्टार-स्टडेड होगा, जिसमें होस्ट्स की पावरहाउस लाइन-अप शामिल है आलिया भट्ट, फराह खान, सुनील ग्रोवर और जाकिर खान। यह मंच सिनेमा, म्यूज़िक, कॉमेडी और पॉप कल्चर की दुनिया को एक साथ लाएगा। पहली बार इस प्रॉपर्टी को एक साथ लीनियर टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाइव अनुभव किया जाएगा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर टेलीकास्ट के साथ-साथ स्क्रीन अवॉर्ड्स का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पर भी होगा, जिससे यह और बड़े डिजिटल-नेटिव ऑडियंस तक पहुंचेगा।

# पुलिस प्रशासन के खिलाफ चेंबूर में सकल हिन्दू समाज बजरंग दल ने निकाला मोर्चा

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्री रामनवमी के दिन घाटकोपर और कुर्ला के अलावा चेंबूर में भी एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

किंतु दुर्भाग्य से श्री रामनवमी और शुक्रवार का नमाज एक साथ पड़ गया।इस कारण से शोभा यात्रा को काफी देर तक पुलिस-प्रशासन ने रोक लिया।पुलिस के रवैए से नाराज हिन्दू संगठन सकल हिन्दू समाज बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद,राष्ट्र सेवा मंच के सैकड़ों नेता और कार्यकताओं ने चेंबूर पुलिस स्टेशन पर एक मोर्चा निकाला ।पुलिस प्रदर्शनकारियों को शिवाजी नगर और आर सी एफ पुलिस स्टेशन में ले गई।



प्रदर्शन में प्रमुख रूप से चेंबूर एम पश्चिम प्रभाग समिति की अध्यक्ष आशा सुभाष मराठे ,पूर्व नगर सेवक राजेश फुलवारिया, पूर्व नगर सेविका राजश्री पालांडे , अनुप पाल,सुशील शहानी, कुशल जैन,सुभाष मराठे, गौतम सावरिया,बबलू सिंह, सतीश बेलमकर, रामप्रसाद सैनी, सतीश दुबे, नित्याग जन नाडार, धनराज बी गोटवाल,परेश शाह, परमेश्वर केसरी,संदीप गुप्ता,राजन माली,मुकेश मौर्या,संदीप प्रजापति, कुलदीप जयसवाल के अलावा सैकडों हिन्दू संगठन के लोग आर सी एफ पुलिस स्टेशन में अपर पुलिस आयुक्त महेश पाटिल को निलम्बित करने की मांग कर रहे थे।

## भिवंडी मनपा की कर वसूली में प्रभाग समिति-3 ने जबरदस्त वसूली कर पहले क्रमांक पर

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी मनपा ने वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान कर वसूली में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कुल 104 करोड़ रुपये की वसूली की है। यह आंकड़ा पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ने वाला साबित हुआ है। इस उपलब्धि में प्रभाग समिति-3 ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। बतादें कि सहायक आयुक्त सुरेन्द्र भोईर के नेतृत्व में कर विभाग ने 24 करोड़ 50 लाख 71 हजार रुपये की वसूली कर पांचों प्रभाग समितियों में शीर्ष स्थान कायम किया। वसूली के मामले में दूसरे स्थान पर प्रभाग समिति-1, तीसरे स्थान पर प्रभाग समिति-2, चौथे स्थान पर प्रभाग समिति-4 रही, जबकि सबसे कम वसूली के साथ प्रभाग समिति-5 पांचवें स्थान पर रही। मनपा आयुक्त अनमोल सागर के सख्त निर्देशों और ह्यअभय योजनाह्न के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते इस वर्ष कर वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकारियों का मानना है कि सख्त प्रशासनिक रुख और जनसहभागिता के कारण यह रिकॉर्ड संभव हो सका है।

## घाटकोपर में एक ही दिन दो स्थानों पर आग की घटनाएं



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर इलाके में आज एक ही दिन में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आने से कुछ समय के लिए नागरिकों में भय का माहौल पैदा हो गया। हालांकि, दमकल विभाग की तत्परता के कारण दोनों ही जगहों पर आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। बता दें कि पहली घटना विद्याविहार पश्चिम स्थित स्कायलाइन एपिटोम इमारत में हुई।, जहां दोपहर के समय इलेक्ट्रिक मीटर केबिन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस आग के चलते आसपास के इलाके में काफी धुआं फैल गया था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। इस दौरान स्थानीय नगरसेवक धर्मेश गिरी ने तत्परता बरतते हुए महानगरपालिका और दमकल विभाग से संपर्क कर घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उनके प्रयासों से राहत एवं बचाव कार्य तेजी से पूरा किया गया। वहीं, दूसरी घटना घाटकोपर पूर्व के गरोडिया नगर इलाके में हुई, जहां पार्किंग में खड़ी लगभग 8 ऑटो रिक्शाओं में आग लग गई। इस आग में रिक्शाओं को भारी नुकसान हुआ है।

## रुबल अग्रवाल ने कोकण विभागीय आयुक्त पद पर ग्रहण किया कार्यभार प्रमुख आयुक्त सिद्धराम सालीमठ से लिया पदभार

◆ रुबल अग्रवाल ने कोकण विभागीय आयुक्त पद पर ग्रहण किया कार्यभार

◆ प्रमुख आयुक्त सिद्धराम सालीमठ से लिया पदभार

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी दमदार कार्यशैली के लिए पहचानी जाने वाली वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रुबल अग्रवाल ने सोमवार 30 मार्च 2026 को कोकण विभागीय आयुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभारी विभागीय आयुक्त सिद्धराम सालीमठ से औपचारिक रूप से पदभार लिया।

ज्ञात हो कि 2008 बैच की आईएएस अधिकारी रुबल अग्रवाल ने अपने करियर में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रमाण दिया है। उन्होंने अपनी सेवा की शुरूआत सोलापुर में सहायक जिलाधिकारी के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने अहमदनगर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और अहमदनगर व जलगाव जिलों में जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया। रुबल अग्रवाल शिर्डी के श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी थीं।उनके कार्यकाल में साईबाबा समाधी शताब्दी महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्य और व्यवस्थित तरीके से किया गया था। पुणे नगर निगम में अतिरिक्त महापालिका आयुक्त के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने कोविड-19 की भयंकर महामारी का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया। उनके इस कार्य की सराहना राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर की गई थी। इसके अलावा, उन्होंने



एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आई.सी.डी.एस.) के आयुक्त के रूप में राज्य के 1 लाख 10 हजार आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रबंधन कुशलतापूर्वक किया। कोकण विभागीय आयुक्त बनने से पहले रुबल अग्रवाल महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थीं। उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवाओं के लिए उन्हें अब तक कई महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें उत्कृष्ट जिलाधिकारी पुरस्कार (महाराष्ट्र शासन, 2016-17), महात्मा गांधी शांति पुरस्कार (जलगाव में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए), अरुण बोंगीरवार सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार (पुणे में कोविड नियंत्रण के लिए), स्मार्ट सिटी डिजिटल पेमेंट और ई-गवर्नेंस पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल हैं। कोकण विभाग भौगोलिक व प्रशासनिक दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण माना जाता है। इस विभाग के राजस्व प्रशासन, बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट्स और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों में रुबल अग्रवाल के अनुभव का लाभ लिया जायेगा। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभाग के कार्यों का आकलन कर जनसामान्य के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

## अमेया पार्क बोईसर में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

### हिंदू समाज को एकता, संस्कृति और धर्म के संरक्षण का दिया गया संदेश

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत अमेया पार्क स्थित शिवगोविंद नगर ग्राउंड में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज के लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हुई। इस कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उमेश गायकवाड ने समाज की एकता, संस्कृति और धर्म के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने इतिहास एवं परंपराओं को संरक्षित रखते हुए समाज की भलाई के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रूपचंद जैन (अध्यक्ष, बोईसर जैन समाज) ने समाज में भाईचारे और समरसता बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की ताकत उसकी एकता में है, और हम सभी को एकजुट होकर धर्म और संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए। सम्मेलन के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र बना। नन्हे कलाकारों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने समाज में भेदभाव को समाप्त करने तथा धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## स्कूल ट्रस्टी के बेटे ने शिक्षिका को भेजे अश्लील मैसेज और वीडियो

### जय भारत स्कूल का मामला

**डोंबिवली।** डोंबिवली में एक स्कूल से बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई थी जहां, स्कूल ट्रस्टी के बेटे ने एक शिक्षिका को अश्लील मैसेज भेजकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला। इस मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकताओं ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया था और आरोपी को उनके हवाले करने की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही मानपाडा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रस्टी के बेटे सरवना अय्यर को हिरासत में ले लिया। हालांकि इतने संवेदनशील विषय में पुलिस ने महज नोटिस देकर आरोपी को छोड़ दिया। इस घटना के बाद जय भारत स्कूल की चर्चा शहर में जोरों पर चल रही है । क्या इस स्कूल में बच्चियां सुरक्षित हैं।

डोंबिवली के सागांव इलाके में स्थित जय भारत हाईस्कूल में यह मामला सामने आया। स्कूल के ट्रस्टी शिवा अय्यर के बेटे सरवना अय्यर पर एक शिक्षिका ने गंभीर आरोप लगाया। शिक्षिका का आरोप है कि सरवना ने उसे अश्लील मैसेज भेजकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। शिक्षिका का आरोप है कि आरोपी स्कूल की अन्य छात्राओं को भी अश्लील मैसेज भेजा करता था। इस घटना के बाद शिक्षिका ने मनसे से शिकायत की। शिकायत मिलते ही मनसे के पदाधिकारी राहुल कामत, अरुण जांभले और महिला पदाधिकारी कोमल पाटिल ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उस समय स्कूल में ट्रस्टी शिवा अय्यर और उनकी पत्नी मौजूद थे। मनसे कार्यकताओं ने आरोपी को सामने लाने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि उसे नहीं सौंपा गया तो वे मनसे स्टाइल में कार्रवाई करेंगे। करीब एक घंटे तक स्कूल में हंगामा चलता रहा। स्थिति बिगड़ती देख मानपाडा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीपान शिंदे खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने मनसे कार्यकताओं को स्कूल से बाहर निकाला और ट्रस्टी शिवा अय्यर से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस उन्हें उनके घर ले गई, जहां से सरवना अय्यर को हिरासत में लिया गया। उसे पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां शिक्षिका और मनसे कार्यकर्ता भी पहुंचे। हालांकि पुलिस ने आरोपी को महज नोटिस जारी कर मामले को रफादफा कर दिया। ऐसा आरोप किया जा रहा है।

## ईरान-इजराइल युद्ध का असर भिवंडी के पावरलूम उद्योग पर धागे की कीमतों में 25% तक उछाल

आचार्य सूरजपाल यादव

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध तनाव का असर अब स्थानीय उद्योगों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। महाराष्ट्र के ह्लमैनचेस्टरह्व के रूप में पहचाने जाने वाले भिवंडी के पावरलूम (यंत्रमाग) उद्योग पर इस वैश्विक संकट की सीधी मार पड़ रही है। ईंधन और गैस की कमी के चलते उत्पादन लागत बढ़ गई है, जिससे उद्योग गंभीर संकट में फंस गया है। पावरलूम उद्योग में इस्तेमाल होने वाला सिंथेटिक, पॉलिस्टर और नायलॉन धागा मुख्य रूप से पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल से तैयार होता है। युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है, जिससे धागे के दामों में पिछले एक महीने में करीब 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इससे कपड़ा उत्पादकों की लागत बढ़ गई है, लेकिन बाजार में मांग कमजोर होने के कारण वे कीमतें नहीं बढ़ा पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। धागा बनाने वाली इकाइयों को महंगा कच्चा माल खरीदना पड़ रहा है, वहीं माल की ढुलाई में देरी और परिवहन लागत में अचानक वृद्धि ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।



भिवंडी में बड़े पैमाने पर जॉबवर्क के जरिए कपड़ा उत्पादन किया जाता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में पहले से तय कीमतों पर ऑर्डर पूरा करना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इस कारण कई व्यापारी नए ऑर्डर लेने से बच रहे हैं या उन्हें स्थगित कर रहे हैं।

धागे की कीमतों में अस्थिरता के चलते व्यापारी स्टॉक भी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ा है। इसका प्रभाव केवल भिवंडी ही नहीं, बल्कि मालेगांव और इचलकरंजी जैसे अन्य पावरलूम केंद्रों पर भी देखने को मिल रहा है। इधर, कामगारों की समस्या भी बढ़ती जा रही है। भिवंडी में बड़ी संख्या में उत्तर भारत से आए प्रवासी मजदूर काम करते हैं। हर साल अप्रैल-मई में शादी के मौसम के चलते कई मजदूर अपने गांव लौट जाते हैं, लेकिन इस बार युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट से हालात और बिगड़ गए हैं। कई खानावली (मेस) बंद हो चुकी हैं और होटल का महंगा भोजन मजदूरों की पहुंच से बाहर हो गया है। ऐसे में कोरोना काल जैसी स्थिति बनने की आशंका से मजदूर तेजी से गांव लौट रहे हैं। कामगारों की कमी, कच्चे माल की महंगाई और बाजार में मांग की कमी—इन तीनों कारणों से भिवंडी का पावरलूम उद्योग एक बार फिर संकट में आ गया है। उद्योग से जुड़े व्यापारी और मजदूर दोनों ही हताश नजर आ रहे हैं और अपने व्यवसाय को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन आज

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पालघर जिले के बोईसर शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा गुरुवार 2 अप्रैल 2026 को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए शहरवासियों को एक दिव्य धार्मिक व सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगी।शोभा यात्रा का आगाज टीम ग्राउंड से होगा तथा यह अवध नगर, मधुर नाका, ठाकुर कांप्लेक्स, यशवंत सृष्टि, नवापुर नाका, बोईसर स्टेशन जैसे प्रमुख स्थलों से होती हुई सर्कस ग्राउंड में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ संपन्न होगी, जहाँ इस्कॉन के माध्यम से सभी के लिए राम खिचड़ी का प्रबंध किया जायेगा। यात्रा की शुरूआत से पहले 251 परिवार पुनः हिंदू धर्म ध्वज थाम कर घर वापसी करेंगे।




यात्रा में कई आकर्षक झांकियाँ और विशेष प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी। इनमें प्रमुख रूप से माँ काली की भव्य मूर्ति, श्री हनुमान जी की विशाल मूर्ति, काशी का प्रसिद्ध रुद्र तांडव प्रदर्शन और छोटे बच्चों द्वारा भगवान के रूप में सजने की झांकियाँ शामिल होंगी। यात्रा के दौरान ढोल-ताशा पथक की धुनें पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बनायें रखेंगी।

इसके अलावा, इस्कॉन की भव्य रथ यात्रा, भगवान अयप्पा स्वामी की झांकी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता को दशार्ती झांकी भी प्रमुख आकर्षण होंगी। महाराष्ट्र के पारंपरिक ः्तारापा नृत्यः् एवं दुर्गा वाहिनी का लेजिम पथक भी इस यात्रा को और अधिक आकर्षक बनायेगा। यात्रा का समापन समरसता यज्ञ से होगा, जो सभी धर्मों और समाजों के बीच एकता व भाईचारे का संदेश देगा। विश्व हिंदू परिषद उत्तर मुंबई विभाग मंत्री चंदन सिंह ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इसे सफल बनाएं और धर्म लाभ प्राप्त करें।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941** email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# डालिम्स सनबीम स्कूल में ग्रेजुएशन डे सम्पन्न, मेधावियों का हुआ सम्मान

**डॉ.इम्तियाज अहमद की रिपोर्ट**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। हमाम दरवाजा स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल में भव्य ग्रेजुएशन डे समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों और प्रतिभा का सम्मान करते हुए मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।



















कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सनबीम वाराणसी की चेयरपर्सन पूजा मधोक मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रशासन द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत के साथ हुआ।

इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलकूद को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा जीवन और भविष्य दोनों के लिए हानिकारक है, जबकि खेलकूद शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन और आत्मविश्वास को मजबूत बनाते हैं।

विशिष्ट अतिथि पूजा मधोक ने शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। वहीं अध्यक्ष डॉ. अब्दुल कादिर खान ने परिश्रम, लगन और सदाचार को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल डॉ. अलका गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन फातिमा ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर जारिया जैनब, सीबीएसई कोऑर्डिनेटर पंकज, सुबोध डे, मोहम्मद उजैर, जितेंद्र यादव, सुभाष यादव, आर.पी. सिंह, डॉ. विमला सिंह, डॉ. अम्बर खान, अहमद अब्बास खान सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## बिजली कर्मचारियों का काला फीता बांधकर विरोध, 22 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

**सुशील कुमार तिवारी**

ओबरा,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के



बैनर तले 1 अप्रैल को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को सौंपे गए 22 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आयोजित किया गया, जिसके तहत पहले चरण में कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कार्य किया।

संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के लाखों कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से कार्य करते हुए विभाग का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में संविदा कर्मियों को नवगठित आउटसोर्सिंग निगम में समायोजित कर उनकी समस्याओं का समाधान, वेतन पुनरीक्षण के तहत न्यूनतम 28,000 रुपये वेतन सुनिश्चित करना, सभी निगमों में कार्यरत कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करना तथा पदोन्नति और समयबद्ध वेतनमान लागू करना शामिल है।

इसके अलावा, संविदा कर्मियों की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, लिपिकीय वर्ग की सेवा नियमावली 2020 में संशोधन, परीक्षा व स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा जनवरी 2000 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## गुमशुदा बालिका का अब तक नहीं लगा सुराग, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

सुजानगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के बेर्रा ग्राम सभा से एक नाबालिग बालिका के गुमशुदा होने का मामला सामने आया है, जिसमें कई महीनों बाद भी पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनकी बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बेर्रा निवासी अमृतलाल कनौजिया पुत्र मोतीलाल कनौजिया ने बताया कि दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे गांव के ही सिकंदर निषाद, उसकी पत्नी तथा उनके पुत्र उमेश उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित पक्ष द्वारा फोन पर लगातार गाली-गलौज और धमकी भी दी जा रही है।

परिजनों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक न तो बच्ची का कोई सुराग मिल सका है और न ही आरोपितों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई की गई है। इस मामले को लेकर परिवार में गहरा आक्रोश और चिंता व्याप्त है।

पीड़ित अमृतलाल कनौजिया ने बताया कि न्याय की आस में उन्होंने उच्च अधिकारियों से भी गुहार लगाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र कार्रवाई कर उनकी बच्ची को सकुशल बरामद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में क्षेत्रीय पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## चलती बाइक में अचानक लगी आग, पूरी तरह जलकर राख



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के जफराबाद थाना क्षेत्र स्थित नाथूपुर स्कूल के पास एक चलती हुई हीरो लीवो बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक सवार रास्ते में जा रहा था कि अचानक बाइक बंद हो गई। चालक जब प्लग खोलने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक बाइक में आग लग गई और कुछ ही पलों में आग ने भीषण रूप ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की उचित व्यवस्था न होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। देखते ही देखते बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि इस घटना से क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## केराकत पुलिस की सराहनीय पहल, गलत ट्रांजेक्शन के 4200 रुपये लौटाए

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जनपद में 'मित्र पुलिस' की अवधारणा को साकार करते हुए केराकत पुलिस ने एक सराहनीय कार्य किया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय की तत्परता से एक युवक को ऑनलाइन लेनदेन में हुई गलती से ट्रांसफर हुए रु.4,200 वापस दिलाए गए।




जानकारी के अनुसार, बदलापुर क्षेत्र निवासी हर्षवर्धन सिंह द्वारा अपने नाना के बैंक खाते से ऑनलाइन लेनदेन के दौरान मानवीय त्रुटि के चलते रु.4,200 की राशि गलती से किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गई थी। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद प्रकरण केराकत थाने को भेजा गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित खाताधारक से संपर्क किया। पुलिस की समझाइश के बाद जिस महिला के खाते में पैसा गया था, उसने ईमानदारी दिखाते हुए राशि वापस करने पर सहमति जता दी। बुधवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी की मौजूदगी में पीड़ित युवक को 4,200 नगद वापस कर दिए गए। अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर युवक ने खुशी जाहिर करते हुए केराकत पुलिस का आभार व्यक्त किया।

थाना प्रभारी ने इस मौके पर कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से ऑनलाइन लेनदेन करते समय सावधानी बरतने और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या त्रुटि की स्थिति में तत्काल पुलिस या साइबर सेल से संपर्क करने की अपील की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में की गई, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

## स्कूल चलो अभियान का शुभारंभः बीएसए ने घर-घर जाकर कराया नामांकन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में स्कूल चलो अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय सदरूद्दीनपुर, विकासखंड बक्सा में नामांकन अभियान




उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल स्वयं गांव पहुंचे और घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान कुल 25 बच्चों का नामांकन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं अध्यापकों ने नव नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों को किताबें, कॉपी और पेंसिल वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, विंध्यवासिनी उपाध्याय, समस्त अध्यापक, गांव के सम्मानित नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## मॉर्डन कान्वेंट स्कूल, खेतासराय के प्रबंधक डॉ.मो.आबिद खान को उनके जन्मदिन के अवसर पर उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक परिवार की तरफ से जन्मदिन हार्दिक शुभकामनाएं

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक परिवार की तरफ से



मॉर्डन कान्वेंट स्कूल, खेतासराय के प्रबंधक डॉ.मो. आबिद खान को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की। उप संपादक डॉ.इम्तियाज अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ.आबिद खान एक प्रतिभाशाली, कर्मठ एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में वे नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ईश्वर से उनके दीघार्यु, सुख-समृद्धि एवं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की।

## उपनिरीक्षक की मौत से विभाग मर्माहत

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली शाहगंज में तैनात उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह की आकस्मिक मौत से पुलिस विभाग सहित पूरे नगर में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार, विनय कुमार सिंह मूल रूप से जनपद बलिया के रेवती थाना क्षेत्र के नरायनगढ़ गांव के निवासी थे। वर्तमान में उनका परिवार जनपद मऊ में जिलाधिकारी आवास के समीप रहता है। वे एक दिसंबर 2023 से शाहगंज कोतवाली में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे।



बताया जाता है कि सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने एक दिन का अवकाश लेकर मऊ स्थित अपने आवास पर इलाज के लिए गए थे, जहां उपचार के दौरान मंगलवार को उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस विभाग और क्षेत्रीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। विनय कुमार सिंह वर्ष 1988 बैच के उपनिरीक्षक थे और उनकी सेवा निवृत्ति में अभी लगभग दो वर्ष शेष थे। उनके असामयिक निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है।

## मड़ियाहूं के वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी शालिग्राम मिश्र का निधन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी शालिग्राम मिश्र का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शालिग्राम मिश्र (पुत्र स्व. श्याम नारायण मिश्र) ग्राम चौधरी, पोस्ट बाजार, थाना मड़ियाहू के निवासी थे। 31 मार्च 2026 को प्रातः लगभग 6:30 बजे हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। बताया जाता है कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार जारी था। मंगलवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। लोकतंत्र सेनानी के रूप में शालिग्राम मिश्र का सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों व लोकतंत्र सेनानियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## दवा प्रतिनिधियों ने काला दिवस मनाकर श्रम संहिताओं का किया विरोध

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अखिल भारतीय संगठन एफएमआरएआई के आवाहन पर बुधवार, 01 अप्रैल को यूपीएमएसआरए जौनपुर इकाई के सदस्यों सहित देशभर के दवा प्रतिनिधियों ने चार श्रम संहिताओं के विरोध में ह्लकाला दिवसह्व मनाया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से भेजा।

ज्ञापन में दवा प्रतिनिधियों ने चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1976 को यथावत लागू रखने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। इसके साथ ही निश्चित अवधि रोजगार पर रोक, छंटनी और स्थानांतरण पर नियंत्रण, समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया।

प्रतिनिधियों ने यह भी मांग की कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से निगरानी और गोपनीयता के उल्लंघन को रोका जाए तथा बढ़ती




महंगाई को देखते हुए दैनिक एवं यात्रा भत्तों में वृद्धि की जाए। साथ ही श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर कड़ी कार्रवाई, न्यूनतम वेतन 26,910 रुपये प्रति माह निर्धारित करने और 8 घंटे का कार्यदिवस सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।

इसके अतिरिक्त अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के कार्य पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने और उनके कार्य को आपराधिक श्रेणी में न रखने की मांग भी उठाई गई। ट्रेड यूनियनों और श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा पर भी जोर दिया गया। ज्ञापन सौंपने में अनिल मिश्रा, अजय चौरसिया, राजेश रावत, अच्युत दुबे, अमित रंजन श्रीवास्तव, सुनील प्रजापति, अभिषेक सिंह, शैलेंद्र मौर्य और राघवेंद्र सोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा पुलिस उपायुक्त अपराध/गोमती जोन आकाश पटेल को दी गई भावभीनी विदाई

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय में पुलिस उपायुक्त अपराध/गोमती जोन आकाश पटेल के स्थानांतरण के अवसर पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा आकाश पटेल को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासित कार्यशैली तथा अपराध नियंत्रण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि आकाश पटेल



ने कमिश्नरेट वाराणसी में अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, उनकी सेवाएं सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन प्रमोद कुमार सहित कमिश्नरेट के अन्य राजपत्रित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## जौनपुर में आयुष्मान योजना को मिली रफ्तार, 70प्लस आयु वर्ग के 76 हजार से अधिक कार्ड बने

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जानकारी दी कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। अब तक 70 वर्ष से अधिक आयु के 76,417 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे जौनपुर को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि जनपद में कुल मिलाकर अब तक 13,68,270 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वहीं विशेष अभियान के तहत 91,954 कार्ड बनाकर जौनपुर ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसकी दैनिक समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जा रही है, जिससे कार्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो रहा है।

ब्लॉक स्तर पर धमार्पुर, जलालपुर एवं मुफ्तीगंज में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जो अभियान की सफलता को दशार्ता है। इसके साथ ही जनपद में अब तक 1,45,899 लाभार्थियों का आयुष्मान योजना के तहत उपचार किया जा चुका है, जिस पर कुल 260.48 करोड़ रुपये व्यय हुए हैं। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं और इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## पहले ही प्रयास में पल्लवी सिंह बनीं नायब तहसीलदार, पीसीएस में 172वीं रैंक



**निशानाथ**, खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के खुदौली गांव की बेटी पल्लवी सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) 2024 परीक्षा में सफलता हासिल कर नायब तहसीलदार पद प्राप्त किया है। उन्होंने 172वीं रैंक हासिल कर परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। खास बात यह है कि पल्लवी ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। पल्लवी सिंह की प्रारंभिक शिक्षा आजमगढ़ स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल से हुई, जहां से उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक (बीए) की डिग्री हासिल की। स्नातक के बाद उन्होंने लखनऊ में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की और ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन करते हुए कड़ी मेहनत व अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। पल्लवी की माता सीमा सिंह गृहिणी हैं। पल्लवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी बुआ कुमुद लता सिंह को दिया, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। मीडिया से बातचीत में पल्लवी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सिविल सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, सही रणनीति और धैर्य बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और पूरी लगन व अनुशासन के साथ तैयारी की जाए, तो सफलता निश्चित है। पल्लवी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। सर्वेश यादव, सुधांशु सिंह, शैलेंद्र सिंह, अभिषेक परमार, विशाल यादव, अंकित, अमन, आदर्श राज और पलक सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# कंपोजिट विद्यालय आदर्श केराकत में नव आरंभ कार्यक्रम आयोजित



केराकत ,जौनपुर (उत्तरशक्ति )। नगर के वार्ड शेखजादा द्वितीय स्थित कंपोजिट विद्यालय आदर्श में बुधवार को शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर नव आरंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवागत छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सभासद मनोज कुमार यादव ने विद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले बच्चों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों को विद्यालय की ओर से कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर एवं ज्ञान भारती पुस्तक सहित शैक्षिक किट प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र (रिपोर्ट कार्ड) वितरित किए गए। अगली कक्षा में प्रोन्नति की खुशी बच्चों और अभिभावकों के चेहरे पर साफ झलक रही थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहियुद्दीन अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभिभावकों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें भोजन के साथ स्वादिष्ट खीर भी परोसी गई। वहीं उपस्थित अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित




जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी अशोक चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत संगठन गीत के साथ हुई, जिसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि अशोक चौरसिया ने कहा कि सदस्यता के दृष्टिकोण से भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर सभी बूथों और मंडलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ-साथ केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कार्यशाला को संगठन को मजबूत बनाने का माध्यम बताते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण की विचारधारा है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं संयोजक अजय सिंह ने किया। इस अवसर पर एमएलसी ब्रजेश सिंह प्रिंसू, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, सुधाकर उपाध्याय, गीता बिंद, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, सुनील यादव, राजू दादा, राज पटेल, आमोद सिंह, नरेंद्र उपाध्याय, रागिनी सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह को मिला माटी सम्मान



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह को पूर्वांचल क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित माटी सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा 31 मार्च 2026 को नई दिल्ली स्थित गांधी दर्शन परिसर, राजघाट में आयोजित पूर्वांचल महोत्सव माटी-9 कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माटी संस्था एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया गया।

नई दिल्ली से लौटने के बाद बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्रो. वंदना सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह सम्मान उन्हें निरंतर समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कुलसचिव केशलाल ने कहा कि यह सम्मान कुलपति के उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शिता और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का प्रतीक है। परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने इसे विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के लिए नई ऊर्जा का संचार करेगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रो. मनोज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. गिरधर मिश्रा, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. राम नारायण, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. नीतेश जायसवाल, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. मंगला यादव, डॉ. अनुराग मिश्र, उप कुलसचिव अजीत कुमार सिंह एवं बबीता सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ध्रुव योग में पवनपुत्र जयंती : आज बिगड़ी तकदीर भी मानेगी हार, बनेंगे हर रुके काम

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** सुबह अभिजीत मुहूर्त, हस्त नक्षत्र और दिव्य संयोग का असर है। आज संकटमोचन के आशीर्वाद से खुलेंगे सफलता के द्वार. 2 अप्रैल की यह जयंती सिर्फ पूजा नहीं, भाग्य बदलने का संकेत लेकर आई है। जो रुका है, वह चलेगा... जो थमा है, वह आज आगे बढ़ेगा। आज किस्मत लिखेगी नया इतिहास, बनेंगे हर बिगड़े काम. आज खुलेंगे बंद किस्मत के दरवाजे, बिगड़ी तकदीर भी लेगी करवट. संकटमोचन के आशीर्वाद से बदलेगा हर हाल।



इस वर्ष की हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव भर नहीं, बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ और प्रभावशाली संयोगों का संगम बनकर सामने आई है। इस पावन तिथि पर जहां एक ओर पूजा के लिए दो-दो शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ध्रुव योग, हस्त नक्षत्र और अभिजीत मुहूर्त का त्रिवेणी संयोग इस दिन को असाधारण बना रहा है। ज्योतिष शास्त्र में ध्रुव योग को स्थिरता, सफलता और दीर्घकालिक उपलब्धियों का प्रतीक माना जाता है। यह योग सूर्योदय से लेकर दोपहर 2 बजकर 20 मिनट तक प्रभावी रहेगा, जो संकेत देता है कि इस दिन किए गए कार्य स्थायी फल देने वाले हो सकते हैं। वहीं हस्त नक्षत्र, जो कौशल, कर्म और सृजन का नक्षत्र है, शाम तक प्रभावी रहकर यह संदेश देता है कि प्रयास और प्रतिभा का मेल सफलता का द्वार खोल सकता है। सबसे विशेष है अभिजीत मुहूर्त, दोपहर 12 से 12:50 तक का वह कालखंड, जिसे हर प्रकार के शुभ कार्यों के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। इसके साथ सुबह और शाम के अलग-अलग मुहूर्त भक्तों को अधिक अवसर प्रदान कर रहे हैं। ऐसे दुर्लभ संयोगों के कारण यह हनुमान जयंती केवल पूजा का नहीं, बल्कि संकल्प, नई शुरूआत और जीवन में स्थिर सफलता की दिशा तय करने का भी विशेष दिन बन गई है। इस वर्ष हनुमान जयंती पर पूजा के लिए तीन प्रमुख समय मिल रहे हैं : सुबह का शुभ मुहूर्त : 6:10 से 7:44 तक, अभिजीत मुहूर्त : 12:00 से 12:50 तक, शाम का मुहूर्त : 6:39 से 8:06 तक. ज्योतिष के अनुसार अभिजीत मुहूर्त सबसे शक्तिशाली माना जाता है, क्योंकि यह वह समय होता है जब सूर्य अपनी सर्वोच्च ऊर्जा पर होता है। साथ ही इस दिन : ध्रुव योग (स्थिरता और सफलता का प्रतीक), हस्त नक्षत्र (कौशल और कर्म का नक्षत्र), का संयोग यह संकेत देता है कि यह दिन केवल पूजा का नहीं, बल्कि जीवन में ठोस निर्णय लेने का भी है। मनोजवं मारुत तुल्यवेगं... यह श्लोक केवल स्तुति नहीं, बल्कि एक आदर्श व्यक्तित्व का खाका है, मन की गति जैसा तेज, इंद्रियों पर नियंत्रण, बुद्धि में श्रेष्ठता और सेवा में समर्पण. आज की भाषा में कहें तो यह फोकस, सेल्फ-कंट्रोल और परफॉर्मेंस का मंत्र है।

# केराकत में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**जितेन्द्र कन्नौजिया**

**केराकत ,जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** तहसील क्षेत्र के ब्रह्मानपुर झुमका गांव में मंगलवार शाम एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना नहर के पास एक आम के पेड़ पर शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान आदित्य राजभर (पुत्र अनिल राजभर) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विकास कार्यों का श्रेय लेने पर विधायक पंकज पटेल का पलटवार



**अरशद अली**

**मछलीशहर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** मुंगरा बादशाहपुर के विधायक पंकज पटेल ने सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि वे उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं।

विधायक ने बताया कि मछलीशहर से बरईपार तक 11 किलोमीटर तथा बरईपार से सुजानगंज (दहेव) तक 13 किलोमीटर सड़क निर्माण उनके प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। इन दोनों परियोजनाओं पर लगभग 27 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इन सड़कों की स्वीकृति के लिए उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव से मुलाकात कर लगातार प्रयास किए। यह परियोजनाएं उनकी प्राथमिकता में शामिल थीं और लंबे समय से वे इसके लिए प्रयासरत थे। पंकज पटेल ने आरोप लगाया कि अब जब सड़क निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है, तो कुछ सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि इसे अपना कार्य बताकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता सच्चाई से भली-भांति परिचित है और जानती है कि यह कार्य उनके प्रयासों का परिणाम है। अंत में विधायक ने मुंगरा बादशाहपुर की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे और हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े रहेंगे।

# शाहगंज में नवजात में मिला फीटस इन फीटू, डॉक्टर भी हैरान

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के शाहगंज क्षेत्र में एक बेहद दुर्लभ चिकित्सीय मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय चिकित्सा जगत को आश्चर्य में डाल दिया है। शाहगंज स्थित सर सैय्यद हॉस्पिटल में एक दिन के नवजात शिशु में फीटस इन फीटू (Fetus in Fetu) नामक अत्यंत विरल जन्मजात अवस्था पाई गई है। जानकारी के अनुसार, जन्म के बाद नवजात की स्थिति सामान्य न लगने पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महफूज अहमद ने विस्तृत जांच की सलाह दी। इसके बाद कराई गई अल्ट्रासाउंड जांच में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. फारूक अरशद ने इस दुर्लभ स्थिति की पुष्टि की।

चिकित्सकों के अनुसार, फीटस इन फीट एक ऐसी अवस्था होती है जिसमें एक अधूरा विकसित भ्रूण, दूसरे भ्रूण के शरीर के भीतर मौजूद होता है। यह स्थिति अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है और लगभग 5 लाख जन्मों में एक ही मामला सामने आता है। विश्व स्तर पर भी अब तक ऐसे 200 से कम मामलों की पुष्टि हुई है।

डॉ. फारूक अरशद ने बताया कि इस प्रकार के मामलों की पहचान करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है और इसके लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। फिलहाल नवजात का इलाज विशेषज्ञों की निगरानी में जारी है और आगे की उपचार प्रक्रिया के लिए परामर्श लिया जा रहा है।



दुर्लभ जन्मजात स्थिति, लाखों में एक मामला; विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज जारी

यह मामला न केवल चिकित्सा विज्ञान के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि शाहगंज जैसे क्षेत्र में उपलब्ध आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और विशेषज्ञता को भी दशार्ता है। स्थानीय स्तर पर इसे एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# संदिग्ध का पीछा करते समय ट्रेन की चपेट में आए जीआरपी जवान, हालत गंभीर

**डॉ. आबिद खान**

**गोंडा,लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ड्यूटी के दौरान संदिग्ध का पीछा कर रहे जीआरपी के आरक्षी आकाश सिंह गंभीर हादसे का शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब 12:15 बजे पूछताछ के दौरान एक आरोपी अचानक भागने लगा। उसे पकड़ने के लिए आरक्षी आकाश सिंह ने तुरंत उसका पीछा किया। इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर आ रही चंडीगढ़ एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल आरक्षी को तत्काल उपचार के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। वहीं, भागने वाला आरोपी भी इस दौरान घायल हो गया, जिसे उपचार के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।




घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) राजीव कृष्ण ने आरक्षी के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए 1 लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।यह घटना ड्यूटी के प्रति पुलिसकर्मियों की तत्परता और समर्पण को दशार्ती है, वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े करती है।

# ऑटो और चार पहिया वाहन में आमने-सामने जोरदार टक्कर, तीन घायल

**प्रियेश गुप्ता**

**जौनपुर (उत्तरशक्ति )।**जनपद के मछलीशहर थाना क्षेत्र में कमला हॉस्पिटल के पास मड़ियाहूँ रोड पर गुरुवार को ऑटो और चार पहिया वाहन के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, बबूराबहर गांव निवासी समर बहादुर गौतम (40 वर्ष) पुत्र अनूप कुमार गौतम, उनकी पत्नी शीला गौतम (48 वर्ष) तथा बहू अंजलि (26 वर्ष) पत्नी सुनील कुमार घायल हो गए। बताया जा रहा है कि परिवार अपने तीन वर्षीय बच्चे के साथ घर से मछलीशहर दवा दिलाने जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही उनका ऑटो कमला हॉस्पिटल के पास मड़ियाहूँ रोड पर पहुंचा, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को बाहर निकालकर मदद की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और चार पहिया वाहन सहित उसके चालक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया, घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी

# गोल्हानामऊ निवासी पंडित सत्यनारायण दुबे "छबिनाथ" नहीं रहें



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पंडित समाजसेवी नागपुर वाले सत्यनारायण दुबे ( छबिनाथ दुबे) का 29 मार्च 2026 दिन सोमवार को नागपुर में सुबह 4 बजे निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर एम्बूलैंस द्वारा उनके पैतृक गांव जनपद जौनपुर विकास खण्ड सुजानगंज, गांव गोल्हानामऊ ( बेलवार) लाया गया । गांव पहुंचते ही गांव में कोलाहल मच गया। बता दें उन्होंने अपने पैतृक गांव में चारों धाम नामक मंदिर का निर्माण किया था जो आज क्षेत्र में विख्यात है , उनका यह सपना साकार हुआ था। जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 30 मार्च 2026 दिन मंगलवार को प्रयागराज के गंगा घाट झूंसी पर किया गया। सत्यनारायण दुबे छबिनाथ एक सरल,सहज,मृदुभाषी एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।समाज के लिए भी उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। समाजिक कार्य में वे सदैव अग्रणी भूमिका निभाते थे । उनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर परिवार वालों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। परमात्मा निज आत्मा को सांची शांति आप दें। उन्होंने ने अपने पिछे पुत्र अनील दुबे, मनोज कुमार दुबे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका शोक सभा प्रति दिन गोल्हनामऊ निजी आवास पर रखी गई है। दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा, विजय चंद मिश्रा, रुद्रप्रसाद दुबे, रमाकांत दुबे, उमाशंकर मिश्र, रमापति मिश्रा, सभापति मिश्रा, राम-लखन मिश्रा, प्रींश मिश्रा, आसू मिश्रा , पिंटू मिश्रा , पत्रकार अवधेश मिश्रा रिक्की, उर्मिला मिश्रा, ऊषा दूबे, आशा दुबे सहित कई लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर आत्मा को शांति प्रदान करें , और परिवार वालों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# हनुमान जन्मोत्सव पर आचार्य डॉ. राधेश्याम शर्मा के भजन की प्रस्तुति से भक्तिमय हुआ वातावरण

**पटना(उत्तरशक्ति)।** हिंदू सेवा ट्रस्ट बिहार द्वारा कंकड़बाग टेंपो स्टैंड चौराहा के पास आयोजित दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के पहले दिन आचार्य डॉ. राधेश्याम शर्मा के भजनों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। एक से बढ़कर एक भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान एक हजार से अधिक भक्तों ने सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा। आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी उपस्थिति रही और जय श्रीराम तथा बजरंगबली के जयकारों से माहौल गूंजता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना की मेयर सीता साहू के द्वारा किया गया।

# लक्ष्य से कई गुना आगे जौनपुर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में प्रदेश में बना नंबर-1

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** जनपद जौनपुर ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर नई मिसाल कायम की है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में जहां जनपद को 2700 का लक्ष्य मिला था, वहीं युवाओं के उत्साह और भरोसे ने इस लक्ष्य को कई गुना पीछे छोड़ दिया। योजना के तहत जनपद में कुल 9786 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8406 आवेदन बैंकों को भेजे गए। इनमें 4026 आवेदन ऋण स्वीकृति के लिए मंजूर किए गए, जबकि 4092 युवाओं को ऋण वितरित भी किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर प्रक्रिया जारी है।

जिलाधिकारी ने इस सफलता का श्रेय युवाओं की मेहनत और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि मजबूत संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने ऋण प्राप्त कर चुके युवाओं से अपील की कि वे अपने रोजगार को आगे बढ़ाने के साथ अन्य युवाओं का मार्गदर्शन करें और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें, ताकि जौनपुर आत्मनिर्भरता की दिशा में और आगे बढ़ सके। इस सफलता के पीछे उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश, एलडीएम अभय श्रीवास्तव, प्रबंधक गौरव समेत बैंक अधिकारियों और जनपदवासियों के सामूहिक प्रयास और समर्पण की अहम भूमिका रही है।









